दिन– शनिवार दिनांक– 14 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। बिहार समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिव होंगे शामिल।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का हो रहा है आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा मामलों का निपटारा।

03. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार को बनाया गया राज्य का नया पुलिस महानिदेशक। आलोक राज का लेंगे स्थान।

04. और, पटना के जक्कनपुर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में कुख्यात बैंक लूटेरा अजय राय मारा गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में बिहार समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुडे विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

भारत के संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर लोकसभा में चर्चा आज भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ही चर्चा का जवाब देंगे। संविधान को अंगीकार किये जाने के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल लोकसभा में दो दिन की चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरूआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं पर विचार करते हुये राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संविधान नागरिकों को सुरक्षित रखने का सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि यह न्याय, एकता और अभिव्यक्ति के अधिकार का कवच है। इधर, चर्चा में भाग लेते हुये जदयू के सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि संविधान से छेड़छाड़ करने वालों को उनकी जगह दिखाई जाएगी। श्री सिंह ने आपातकाल लगाने और अनुच्छेद तीन सौ छप्पन का दुरुपयोग कर चुनी हुई

राज्य सरकारों को गिराने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। लोक जनशक्ति पार्टी की शाम्भवी चौधरी समेत कई अन्य सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार से बिहार को दिसम्बर महीने में तिहत्तर हजार मीट्रिक टन डाई अमोनियम फास्फेट— डीएपी की आपूर्ति की गयी है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में डीएपी की उपलब्धता बढ़कर नब्बे प्रतिशत से अधिक हो गयी है। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इस आपूर्ति के बाद गेहूँ की बुआई के लिए डीएपी की मांग के अनुरूप उपलब्धता हो गयी है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच किसी भी हालत में डीएपी की कमी नहीं होने दी जायेगी।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि तपेदिक यानी टीबी को वर्ष दो हजार पच्चीस तक समाप्त करने का लक्ष्य है और राष्ट्रीय रणनीतिक योजना लागू करने के बाद तपेदिक के मामलों में अत्यधिक कमी आई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में बताया कि भारत तपेदिक को समाप्त करने का लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य दो हजार तीस से पांच वर्ष पहले हासिल कर लेगा।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक की खबरों को खारिज कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने कहा कि परीक्षा राज्य के नौ सौ ग्यारह केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक केन्द्र पटना के बापू परीक्षा परिसर में कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुरू होने के बाद हंगामा किया, जबकि उसी केन्द्र पर गम्भीर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

———बाईट———

अध्यक्ष ने उन आरोपों को भी खारिज जिसमें कुछ परीक्षार्थियों ने कहा था कि उन्हें परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बापू परीक्षा परिसर के केन्द्राध्यक्ष से पूरी रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट आने पर ही आगे कार्रवाई की जायेगी।

---बाईट---

गौरतलब है कि यह परीक्षा राज्यभर के छत्तीस जिलों के नौ सौ बारह केन्द्रों पर कल आयोजित की गयी थी।

---

शिक्षा विभाग ने दूसरी सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रमाण पत्रों की जांच तेईस से इकतीस दिसम्बर तक अभ्यर्थियों के पदस्थापन वाले जिलों में होगी। पहले दिन तेईस दिसम्बर को उच्च माध्ययिक, माध्यमिक शिक्षक और पुस्तकालय अध्यक्ष के प्रमाण पत्रों की जांच होगी। इधर, विभाग ने बीपीएससी से चयनित शिक्षकों के नियुक्ति पत्र में सुधार का मौका दिया है।

---

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे आलोक राज की जगह लेंगे। आईपीएस विनय कुमार वर्ष उन्नीस सौ इक्यानवे बैच के अधिकारी हैं। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विनय कुमार की नियुक्ति दो वर्षों के लिए की गयी है। इससे पहले विनय कुमार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक पद पर थे। वहीं, आलोक राज को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम का महानिदेशक सह अध्यक्ष बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार जितेन्द्र सिंह गंगवार को निगरानी का महानिदेशक बनाया गया है। उन्हें नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक का अतिरिक्त पदभार भी सौंपा गया है।

---

पटना जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत संजय नगर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में कुख्यात बैंक लूटेरा अजय राय मारा गया है। मुठभेड़ में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार घायल हुये हैं। पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्टल और कई कारतूस बरामद किये हैं। अजय राय पर कई जिलों में बैंक डकैती और फिरौती के मामले दर्ज थे।

---

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर शीतलहर की

स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

---बाईट---

-----------------------------------------

प्रदेश के विभिन्न शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर अत्यंत खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर देशभर में सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक–एक्यूआई तीन सौ छह दर्ज किया गया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना की हवा भी खतरनाक की श्रेणी में पहुंच गयी है। यहां का एक्यूआई दो सौ इक्यासी दर्ज किया गया। वहीं, गांधी मैदान क्षेत्र का एक्यूआई अत्यंत खतरनाक की श्रेणी को पार कर गया है। यहां इस सीजन में एक्यूआई पहली बार सबसे अधिक चार सौ छब्बीस दर्ज किया गया है। इस क्षेत्र में हवा में धूलकण की मात्रा मानक से छह गुना अधिक दर्ज की गयी है। पूर्णियां का एक्यूआई दो सौ पचास, मुजफ्फरपुर का दो सौ उनतालीस और कटिहार का वायु गुणवत्ता सूचकांक दो सौ तैंतीस रिकॉर्ड किया गया।

-----------------------------------------

बोधगया महाबोधी मंदिर में अन्तरराष्ट्रीय त्रिपिटक जाप के समापन पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दस से ज्यादा देशों के बौद्धभिक्षु ओर श्रद्धालु मोहड़ा के जेठियम से राजगीर के वेणु वन तक चौदह किलोमीटर लम्बी धम्म पद यात्रा में शामिल हुये।

-----------------------------------------

राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक ए.के. जैकब का निधन हो गया है। वे वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे से दो हजार बीस की अवधि में दो बार बिहार के पुलिस महानिदेशक पद पर रहे थे। उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

-----------------------------------------

ओडिशा के कटक में सम्पन्न विजय मर्चेंट अंडर सिक्सटीन क्रिकेट टूर्नामेंट में बिहार ने सिक्किम पर जीत दर्ज की है। प्लेट ग्रुप के मैच में बिहार ने सिक्किम को पारी और एक सौ एक रनों से हरा दिया। इस जीत से बिहार को बोनस समेत सात अंक मिले हैं। बिहार का अगला मुकाबला सत्रह दिसम्बर से मिजोरम के साथ होगा।

इधर, मधेपुरा में आयोजित बारहवीं बिहार राज्य सीनियर महिला हैंड बॉल प्रतियोगिता के पहले दिन सीवान, सारण, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा और पटना की

टीम ने जीत दर्ज की है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला सत्रह दिसम्बर को होगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना में आंख के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का रास्ता साफ। अखबार लिखता है– मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शंकरा आई फाउंडेशन और सरकार के बीच हस्ताक्षर।

दैनिक जागरण ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान के हवाले से लिखा है– कुछ लोगों ने सीखा संविधान जेब में रखना, हम लगाते हैं सिर–माथे पर।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस, पचपन सांसदों के हस्ताक्षर। संसद में हो सकती है, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज को हटाने की प्रक्रिया।

प्रभात खबर ने बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– प्रश्न पत्र देर से मिलने पर हंगामा, आयोग बोला नहीं रद्द होगी परीक्षा।

आज अखबार का शीर्षक है– महाकुम्भ एकता का महायज्ञ, सफलता के लिए कुम्भ कलश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया पूजन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। बिहार समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिव होंगे शामिल।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का हो रहा है आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा मामलों का निपटारा।

03. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार को बनाया गया राज्य का नया पुलिस महानिदेशक। आलोक राज का लेंगे स्थान।

04. और, पटना के जक्कनपुर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में कुख्यात बैंक लूटेरा अजय राय मारा गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।